तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026

06 ब्राह्मणत्व जाति नहीं, जिम्मेदारी का नाम : पंडित युवराज पाण्डेय



06 अन्नदाताओं का सम्मान सर्वोपरि : रोहित





## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित साहू का सघन दौरा आज

छुरा। 1 मार्च को विधायक रोहित साहू क्षेत्रीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न ग्रामों में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण, भूमिपूजन एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार विधायक श्री साहू दोपहर 12 बजे अपने निवास स्थान राजिम से छुरा विकासखंड के ग्राम जुनवानी (कनेसर) के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12:30 बजे ग्राम जुनवानी में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात 1 बजे ग्राम कनेसर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 2:30 बजे साहू समाज सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे, जो ग्राम पंचायत अमलोर अंतर्गत खोपलीपाठ धाम में आयोजित होगा। वहीं 3:10 बजे ग्राम पाटसिवनी में भूमिपूजन, लोकार्पण एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद शाम 4:30 बजे विधानसभा क्षेत्र के अन्य गांवों में दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है। विधायक रोहित साहू इस दौरे में विभिन्न किक्स कार्यों की सौगात जनता को देंगे जिसके चलते आमजनों में खासा उत्साह है।

## सुखद : कन्या शाला छुरा की छात्राओं का 5 साल का इंतजार खत्म

# कन्या शाला छुरा में छात्राओं के लिए 121 लाख रुपए की लागत से बनेगा भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

■ नए स्कूल भवन का विधि-विधान से विधायक ने भूमि पूजन किया

नगर की कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं के लिए एक सुखद और ऐतिहासिक खबर सामने आई है। लंबे समय से अपने स्वयं के भवन के लिए तरस रही छात्राओं को अब नया ठिकाना मिलने जा रहा है। राजिम विधायक रोहित साहू ने 121.16 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए स्कूल भवन का विधि-विधान से भूमि पूजन किया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि छुरा की कन्या शाला को 1997 में हाई स्कूल और 2006 में हायर सेकेंडरी का दर्जा मिला था। वर्तमान में यहां लगभग 425 छात्राएं अध्ययनरत हैं। वर्ष 2018 के बाद तत्कालीन सरकार द्वारा जब आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल का शुभारंभ किया गया, तो कन्या शाला के मूल भवन को आत्मानंद स्कूल में तब्दील कर दिया गया। आसपास के लगभग 10 से 12 किलोमीटर के लड़कियां प्रतिदिन सभी महीने सुबह स्कूल आ रहे थे इसका असर यह हुआ कि जहां चार से ऊपर या 500 के लगभग लड़कियां पढ़ती थी लड़कियों ने अन्य जगह पढ़ने चल दिए और यहां के दर्ज संख्या में भी कमी आए हैं किंतु अब उन्हें अपना स्कूल मिलेगा और पुराने समय में स्कूल लगेगा जिससे आने-जाने में सुविधा होगी। स्कूल का निर्माण रावण भाटा के ओम शांति भवन के बाजू में लोक निर्माण विभाग के द्वारा नक्शेका चूना लगाकर किया गया है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर के पी साकरिया से फोन लगाया जानने के लिए किंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।




### विधायक की पहल से जगी नई उम्मीद

विधायक रोहित साहू द्वारा भूमि पूजन किए जाने से अब छात्राओं और पालकों में खुशी की लहर है। नया भवन बनने के बाद स्कूल अपने पुराने समय (डे-शिफ्ट) पर संचालित होगा, जिससे दूर-दराज से आने वाली बालिकाओं को आवागमन में सुविधा होगी और दर्ज संख्या में भी पुनः वृद्धि की उम्मीद है। विधायक ने कहा की बेटियों की शिक्षा हमारी प्राथमिकता है। पिछले 5 वर्षों से जो अव्यवस्थाएं थीं, उन्हें दूर कर अब छात्राओं को सर्वसुविधायुक्त अपना निजी भवन मिलेगा। यह भवन क्षेत्र की शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

# देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार जरूरी : पूरन लाल




हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत में प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

यह दिन महान वैज्ञानिक सी.वी.रमन द्वारा 1928 में रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में मनाया जाता है जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार मिला था। पूरन लाल साहू (व्याख्याता) ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित और प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। विज्ञान के बिना विकास की राह में तीव्रता से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। अतः देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार आवश्यक है।संतोषी गिलहरे (विज्ञान व्याख्याता) ने कहा कि विज्ञान दिवस का उद्देश्य समाज में वैज्ञानिक-दृष्टिकोण विकसित करना और विज्ञान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस मौके पर प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, संतोषी गिलहरे, योगेश सोनकर, शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कनेसर में लोकार्पण एवं भूमि पूजन आज



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पंचायत कनेसर में 1 मार्च दिन रविवार को दोपहर 12 बजे लोकार्पण एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम स्कूल प्रांगण में रंगमंच लोकार्पण एवं जुनवानी में सीसी रोड लोकार्पण एवं सामुदायिक शितला भवन भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक-राजिम विधानसभा, अध्यक्षता मीरा-वेशनायण ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, विशेष अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, चन्द्रशेखर साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गरियाबंद, अवध राम साहू जनपद सदस्य छुरा, हेमन्त सिन्हा मंडल अध्यक्ष खड़मा, यागेश कुमार ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत कनेसर, लता-मुलचंद साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत कनेसर सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

# विधायक की पहल से रोशन हुआ खुंडियाडीह



**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत खुटेरी के आश्रित ग्राम खुंडियाडीह में लंबे समय से चली आ रही बिजली की समस्या का अंत विधायक रोहित साहू के हस्तक्षेप से हुआ है। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद विधायक के निर्देश पर विद्युत विभाग ने गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति में सुधार किया है। ग्रामीणों के अनुसार, कई वर्षों से गांव में लो वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या बनी हुई थी। इसके समाधान के लिए ग्रामीणों, पंचों और सरपंच बेनी शंकर साहू ने विधायक रोहित साहू से संपर्क किया और नए ट्रांसफार्मर की मांग की। विधायक ने तत्काल विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए। विद्युत विभाग ने विधायक के निर्देशों का अनुपालन करते हुए गांव में पहले से लगे 25 केवी ट्रांसफार्मर के स्थान पर 63 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया है। इससे गांव में बिजली आपूर्ति स्थिर हुई है और ग्रामीणों को लंबे समय से झेल रही समस्या से राहत मिली है। सरपंच बेनी शंकर साहू, उपसरपंच और ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू और विद्युत विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस कदम से गांव के विकास और दैनिक जीवन में सुधार होगा। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर से गांव की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा और भविष्य में होने वाली मांगों को भी पूरा करने में सक्षम होगा।



**खबर संक्षेप**

## हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप ने 4 गंभीर मरीजों को सौंपी सहायता राशि

**छुरा।** नगर में एक ऐसा ग्रुप संचालित है जिसमें कुल 190 सदस्य शामिल हैं जो आर्थिक रुप से अक्षम लोगों की ईलाज के लिए आंशिक सहयोग राशि प्रदान करते हैं।साल 2020 से संचालित ये ग्रुप अब तक 120 से अधिक जरुरतमंदों तक 12 लाख से अधिक की सहयोग राशि पहुंचा चुकी है। इस ग्रुप का एक ही उद्देश्य है कि राशि के अभाव में कोई भी जरुरतमंद ईलाज से वंचित ना होने पाए। सहयोग और सेवा के इसी क्रम में ग्राम कारीदादर (छुरा) निवासी परमेश्वर थानूराम ध्रुव जो कि किडनी इन्फेक्शन की समस्या से जूझ रहा है और निरंतर डायलिसिस के लिए जाता है के लिए 20000, भुवनेश्वर टोंडे रोहिना (राजिम) के एक्सीडेंट केस में उपचार व दवा हेतु 5000, ग्राम कोसमबुडा (छुरा) निवासी ओमप्रकाश सुरेंद्र सोरी जो कि ब्रेन हैमरेज से जूझ रहा है के लिए 20000, रामकुमार शर्मा (राजिम) निवासी जो फेफड़े की बीमारी से ग्रसित है इनके लिए ग्रुप द्वारा 10000 की मदद स्वीकृत की गई और चारों को सहायता राशि का चेक वितरित किया गया।इन चारों की उपचार हेतु आर्थिक मदद की अपील हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के पास आया था जिस पर ग्रुप द्वारा दस्तावेजमय जानकारी प्राप्त होने पर इन चारों के लिए कुल 55000 रु की सहयोग राशि माह जनवरी-फरवरी 2026 में ग्रुप द्वारा प्रदान की गई हेल्पिंग ग्रुप परिवार ने सभी पीड़ितों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु कामना किया है।विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप वर्तमान में सिर्फ गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को उपचार हेतु आंशिक आर्थिक सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान करता है।इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 190 सेवाभावी सदस्य जुड़े हुए हैं, जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करते हैं।

## ढाबा के वेटर से मारपीट

**महासमुंद।** खाना पार्सल करने के नाम पर ढाबा के वेटर से मारपीट के आरोप में एक व्यक्ति के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को विमल कुमार भोई निवासी वार्ड 02 इमली भांठा महासमुंद ने बताया कि वह महानदी ढाबा एवं रेस्टोरेंट रायपुर रोड में वेटर का काम करता है। 20 फरवरी की शाम 7 बजे वह ढाबा में काम कर रहा था, तभी सुलेमान सिद्दिकी वहां पर आया और खाना पार्सल का करने का आर्डर किया, जिसे उसने कुछ देर रूकने कहा, इस पर आवेश में आकर आरोपी सुलेमान सिद्दिकी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज और मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की।

कार्यक्रम : फणीकेश्वर नाथ कॉलेज में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, पोस्टर मेकिंग में छात्रों ने दिखाया हुनर

# आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने मील का पत्थर साबित होते हैं : निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर







राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेशवर में शनिवार को विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. समीक्षा चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापकों की उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अलका कौशिक (सहा. प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र) ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मूल उद्देश्य, इस वर्ष की थीम एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महान वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान में महिलाओं के योगदान की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राणिशास्त्र विभाग की सहा. प्राध्यापक उर्वशी चंद्राकर द्वारा दैनिक जीवन में विज्ञान का महत्व एवं रिसर्च के बारे में बताया गया, गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक अंजली देवांगन द्वारा सर सी वी रमन जी की जीवनी एवं रमन प्रभाव के बारे में बताया गया तथा रसायन शास्त्र विभाग के सहा. प्राध्यापक सतप्रीत सिंह गुरुदत्ता द्वारा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों व नवाचार के बारे में मार्गदर्शन किया गया। इसके पश्चात विज्ञान विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।क्विज प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न हुई जिसमें 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंतिम चरण के बाद सोमेश व कल्याण (बी एस सी चतुर्थ सेमेस्टर) की टीम प्रथम स्थान पर रही एवं भानुप्रिया व गुंजन (बी एस सी द्वितीय सेमेस्टर) द्वितीय स्थान पर रहे।इसी क्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने "विज्ञान और नवाचार" तथा "विज्ञान का भविष्य" जैसे विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टर बनाए। सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता सराहनीय रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में देवव्रत व हितेश (बी एस सी द्वितीय सेमेस्टर मैथ्स ) प्रथम स्थान पर एवं हर्षिता व विभा (बी एस सी द्वितीय सेमेस्टर बायो) द्वितीय स्थान पर रहे।विजेताओं को अंत में प्रशस्ति पत्र से पुरस्—त किया गया।प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान,तर्कशक्ति और त्वरित सोच की परीक्षा हुई।

### सम्मान और प्रोत्साहन

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य कमलेश्वर प्रसाद निषाद ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं। इस प्रकार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन अत्यंत सफल और ज्ञानवर्धक रहा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वाधान में हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है।राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज को समर्पित है। इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने 28 फरवरी 1928 में की थी। इस खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

## दशरथ बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछड़ा वर्ग के समर्थन और सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए जामगांव निवासी सक्रिय कार्यकर्ता दशरथ सिन्हा को पार्टी के जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से की गई है, जो इस वर्ग के प्रति भाजपा की गंभीरता को दर्शाती है। यह निर्णय प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के मार्गदर्शन में लिया गया। जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की सहमति के बाद, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष शोभाचंद पात्रे ने इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की। नवनियुक्त उपाध्यक्ष दशरथ सिन्हा ने इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया है। उन्होंने पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछड़ा वर्ग के हितों और विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति से जिले के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढी, फ़िंगेश्वर मंडल अध्यक्ष मंजू हरित मिंजून साहू, किसान मोर्चा मंत्री रामाधार साहू, महाविद्यालय फिंगेश्वर अध्यक्ष राजु साहू,अरूण सिन्हा,लाला साहू, राधेश्याम साहू, देवा तारक, शिवराम सिन्हा, सोमनाथन दिवान , सरपंच बोरिद, सरकड़ा सहित कई वरिष्ठ नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सिन्हा समाज ने दशरथ सिन्हा को शुभकामनाएं दी और सम्मानित किया गया। इस नियुक्ति को पार्टी की सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की नीति का एक हिस्सा माना जा रहा है। भाजपा की यह पहल पिछड़ा वर्ग के बीच पार्टी की पहुंच और प्रभाव को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक कदम मानी जा रही है। पार्टी के नेतृत्व का मानना है कि दशरथ सिन्हा की नियुक्ति से जिले में पिछड़ा वर्ग मोर्चा का कार्य और प्रभावी होगा।

## राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर का मैनपुर में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह मैनपुर में आज शनिवार को (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने मैनपुर विश्राम गृह में अपने कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात की और क्षेत्र में गौवंश संरक्षण तथा गौशालाओं की स्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में अध्यक्ष पटेल ने कहा कि "गौ हमारी माता है, उनकी सेवा करना हम सभी का धर्म है।" उन्होंने गौ संरक्षण को सामाजिक और धार्मिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और गौशालाओं के सु-ढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर संचालित गौशालाओं की व्यवस्था, चारा-पानी, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं जनसहभागिता को बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मैनपुर क्षेत्र में संचालित गौशालाओं की समस्याओं, संसाधनों की कमी तथा आवश्यक सहयोग के संबंध में अपनी बातें रखीं। अध्यक्ष पटेल ने आश्वासन दिया कि आयोग स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी और संबंधित विभागों से समन्वय कर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, खंड मैनपुर प्रमुख मुकेश सिन्हा, रुपेश साहू, सुधीर ठाकुर, जनक यादव, प्रशांत साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं से गौसेवा अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया मैनपुर दौरे को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और क्षेत्र में गौ संरक्षण को लेकर नई योजनाओं की उम्मीद जताई जा रही है।

## राज्यसभा में यादव समाज को मिले प्रतिनिधित्व

**छुरा।** छत्तीसगढ़ में यादव समाज की जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व को लेकर लगातार राजनितिक दलों से समाज की उपेक्षा का सवाल उठते रहा है, आगामी राज्य सभा सदस्य निर्वाचन में भी समाज के द्वारा दोनों दलों से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग जोर पकड़ रहा है। इस संबंध में सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के द्वारा प्रदेश के दोनों प्रमुख दलों के शीर्ष नेताओं को पत्र लिखकर यादव समाज से राज्य सभा प्रत्याशी बनाए जाने की मांग किया है। इस संबंध में श्री यदु ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के पश्चात से यादव समाज का निरंतर उपेक्षा राजनैतिक पार्टियो द्वारा की जा रही है जबकि प्रदेश में यादव समाज की जनसंख्या लगभग 35 लाख के साथ पिछड़े वर्ग मे दूसरे नंबर पर आता है। उन्होंने उक्त आशय का पत्र भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सह प्रभारी अजय जामवाल एवं संगठन मंत्री पवन साय तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र भेजकर यादव समाज से प्रत्याशी बनाए जाने का मांग किया गया है। श्री यदु ने कहा कि उचित राजनितिक प्रतिनिधित्व यादव समाज के लोगों को नहीं नहीं दिए जाने के कारण यादव समाज का एक बड़ा वर्ग आर्थिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक क्षेत्र में पूरी तरह पिछड़ा हुआ है जबकि काग्रेस व भाजपा के प्रायः सभी बड़े नेताओं का मत है कि विकास के अंतिम धारा तक हरेक व्यक्ति की पहुंच हो सके



उसके बाद भी यादव समाज वर्षो से राजनितिक रूप से उपेक्षित व शोषण का शिकार है। उस लिहाज से अब प्राथमिकता के साथ यादव समाज के लोगों को राजनिति मे उचित प्रतिनिधित्व देते हुए आगामी राज्यसभा के चुनाव में छग के सीट से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया जावें। इस मांग का समर्थन करते हुए महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती धनमती यादव, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती किरण यादव, संगठन मंत्री श्रीमती गीता यादव ,युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर यादव, कार्यकारी अध्यक्ष अनुप यादव, महामंत्री कुलदीप यादव, संभागीय अध्यक्ष सरगुजा देवनारायण यादव, संभागीय अध्यक्ष बस्तर महेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष सर्वश्री रामबरन यादव कोरिया, सतीश यादव गरियाबंद ,सहित प्रदेश भर के समाजिक प्रमुखों ने समर्थन किया है।

## हरा सोना संग्रहण की तैयारी शुरू, शाख कर्तन कार्यशाला में ग्रामीणों को दिए गए तकनीकी गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



लघु वनोपज सहकारी समिति रसेला में शनिवार को हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता के आगामी संग्रहण सीजन 2026 को लेकर शाखाकर्तन के लिए कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला युनियन गरियाबंद अध्यक्ष कल्याण कपिल, अध्यक्षता किया समिति अध्यक्ष भावसिह मरकाम, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे दयाराम नागेश, श्यामलाल सोरी,तिहार सिंह टेकाम,डगेश्वर सोरी जिला युनियन के संचालक सदस्य, विशिष्ट अतिथि सरपंच रुपादेवी ठाकुर,रवि मरकाम, उपसरपंच परमेश्वर यादव,धनसाय ध्रुव, समिति के संचालक गण जगदीश यादव, कमलेश्वर नायक,अजब सिंह ओटी,हरीलाल मरकाम,सुकालू राम,देवकुवर,ठग्गू राम साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त आमंत्रित अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कल्याण कपिल ने बताया कि बसंत ऋतु में तेंदूपत्ता संग्रहण से पूर्व शाख कर्तन ( पौधों की कटाई ) एक अनिवार्य प्रक्रिया है। यदि सही नियमों और तकनीकी तरीके से शाख कर्तन किया जाए, तो भविष्य में निकलने वाले पत्ते उच्च गुणवत्ता के होते हैं, जिससे संग्राहकों को बेहतर लाभ मिलता है।

### जंगल हमारी अमूल्य धरोहर

जिला संचालक सदस्य दयाराम नागेश, श्यामलाल सोरी, तिहार सिंह टेकाम ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि ग्रामीण आजीविका सशतिकरण का सशक्त माध्यम है। जिससे हर वर्ष बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को रोजगार प्राप्त होता है। आगे बताया कि शाख कर्तन का उद्देश्य पेड़ों को नुकसान पहुंचाएं बिना नई कोपलों की वृद्धि को प्रोत्साहित करना है। जिससे आगामी सीजन में पत्तो की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि हो सके। उपसरपंच परमेश्वर यादव, कमलेश्वर नायक ने कहा कि जंगल हमारी अमूल्य धरोहर है और उनका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। आगे कहा इस समय वनों को आग से बचाने सबको संकल्पित होना पड़ेगा हमारे अंचल क्षेत्र के जंगलों में कहीं आग ना लगे यही हम सबके लिए शपथ होगा। पोशक अधिकारी पुरूषोत्तम ध्रुवा ने ग्रामीणों से अपील की जंगलों में आग न लगाएं, और जंगलों की सुरक्षा में सहयोग दें। सामूहिक प्रयासों से ही वन संपदा को सुरक्षित रखा जा सकता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर शाख कर्तन की शुरुआत किया गया। इस दौरान समिति प्रबंधक केशव यादव, प्रमिला ध्रुव, संतराम नेताम, पंच कृष्णा यादव, रजनी यादव, राघवेंद्र यादव, अश्मीन सेन देवलाल बारिक, अशवत सेन, सभी फंड मुंशी सहित भारी संख्या में तेंदूपत्ता संग्राहक उपस्थित थे।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा गरियाबंद मंडल के अध्यक्ष बनाए गए गोपाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू की अनुमति और जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी एवं जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर के सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभाचंद पात्र ने कार्यसमिति की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ के अंतर्गत गरियाबंद मंडल के गोपाल साहू को मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। मंडल अध्यक्ष, नियुक्त किए जाने की घोषणा होते ही क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के बीच गजब का उत्साह रहा। अध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से राजिम विधायक रोहित साहू, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा शोभाचंद पात्र, महामंत्री थानसिंग निषाद,वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, मंडल अध्यक्ष सुमीत पारख, जिला महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा, मन की बात जिला प्रभारी विरेंद्र साहू, महामंत्री किशन कंडरा, रामकुमार साहू, दीपक साहू, ओंकार साहू भाजपा कार्यकर्ता शामिल है।

## नवीन कॉलेज में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर






नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में "नई सोच, नई दिशा, नई उड़ान" की भावना के साथ 'उड़ान 2026' वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से साल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आर. के. तलवरे, अग्रणी प्राचार्य शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. बी. के. प्रसाद, पूर्व प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर ने की। सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ. जी.एस. दास, वरिष्ठ प्राध्यापक नवीन कन्या शासकीय महाविद्यालय गरियाबंद, तथा ज्योत्स्ना दास, प्राचार्य शासकीय उ. मा. वि. सिवनी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में शिव शंकर हुरा, थाना प्रभारी मैनपुर, डाकेश्वर नेगी, पूर्व अध्यक्ष जभा. समिति मैनपुर कॉलेज, पूर्व एबीईओ यशवंत बघेल शामिल रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य सनबरसन साहू ने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों, परीक्षाफल, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'उड़ान 2026' विद्यार्थियों के सवांगीण विकास का मंच है, जो उन्हें नई ऊँचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देता है। प्रो. बीके प्रसाद ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनना है। विशिष्ट अतिथि शिव शंकर हुरा, थाना प्रभारी मैनपुर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने और समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की सीख दी। डाकेश्वर नेगी ने महाविद्यालय के विकास में जनभागीदारी की भूमिका पर प्रकाश डाला। यशवंत बघेल ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए अनुशासन और संस्कारों को जीवन की आधारशिला बताया। वरिष्ठ पत्रकार पुलस्त शर्मा ने विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने और समसामयिक घटनाओं के प्रति जागरूक रहने का सुझाव दिया। महाविद्यालय के सर्वाधिक सक्रिय भूतपूर्व छात्र रामचरण नागेश, पंकज कुमार, छात्र जीतू एवं थमलेश को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक गायत्री मरकाम, जयश्री वर्मा, माधुरी साहू, संजय रामटेके, राजकुमार रवि, डॉ. मनोज यादव, सतउ नेताम, आंचल शुक्ला, तुषार ध्रुवे, प्रेमलाल एवं लोकेश यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी के समन्वित प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अंचल के उत्कृष्ट शिक्षक राजेंद्र कुमार शर्मा का हुआ सम्मान



**छुरा।** सिद्ध बाबा एवं माता टेंगनहीं के निर्झर तले बसे ग्राम बोरियाझर में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 1997 में विद्यालय की नींव डालने वाले प्रधानपाठक राजेंद्र कुमार शर्मा और उनकी धर्मपत्नी मीना शर्मा का समारोह के माध्यम से आत्मीय अभिनंदन किया गया। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक राजेंद्र कुमार शर्मा द्वारा अपनी माता स्वर्गीय गौरी देवी शर्मा की स्मृति में विद्यालय के साथ-साथ समस्त ग्रामवासियों के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया गया था। ग्रामवासियों ने इस अवसर को यादगार बनाते हुए उत्सव के रूप में मनाया और विद्यालय की नींव डालने से लेकर अब तक ज्ञान की ज्योति जागृत करने वाले शिक्षकों देवराज दीवान, खोरबाहरा निषाद, शालिक राम साहू को आमंत्रित किया गया था। सरपंच कुमारी बाई मरकाम, प्रधानपाठक छगन लाल देवांगन, फलेंद्र सिंह ठाकुर, समन्वयक एवं नवपदोन्नत व्याख्याता मनहरण लाल यादव, हेमलता ध्रुव, योगिता तिवारी, मुकेश्वरी ध्रुव बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने संतराम

**फिंगेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन सा एवं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर की अनुमति और जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी एवं जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हलमन सिंह धुर्वा के सहमति से फिंगेश्वर मंडल के रोबा निवासी भाजपा कार्यकर्ता संत राम साहू को किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पर संत राम साहू ने कहा कि मैं शुरू से ही भाजपा कार्यकर्ता रहा हूं। तीन कार्यकाल बूथ अध्यक्ष।दो कार्यकाल सक्ति केंद्र संयोजक एवं वर्तमान में भसेरा सक्ती केंद्र प्रभारी हूं। पार्टी के हर कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना दायित्व निभा रहा हूं। आज उसी लग्न निष्ठा को देखते हुए पार्टी संगठन ने मुझे जो किसान मोर्चा मडंल का अध्यक्ष बनाया है उसका आभारी हू और संगठन की ओर से दी जानी वाली समस्त दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्टा एवं ईमानदारी से करूंगा। इस अवसर पर उन्हे राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, वरिष्ठ नेता रामूराम साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी कोमल ढीढ़ी, ईश्वर साहू जिला भाजपा उपाध्यक्ष फिंगेश्वर मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री भुवन साहू प्रेमलाल, भुनेश्वर, अशोक साहू, मनीष हरित, राजू साहू, जगदेव सिन्हा, प्रदीप साहू, बसंत साहू (उपसरपंच), किसन निषाद, प्रभु सिन्हा, किरन सोनी, राकेस साहू, राजेश सिन्हा, दूज लाल, बाबूलाल साहू, अरुण साहू, गोलू, राकेश दिवान, गजेंद साहू, जयप्रकाश सिन्हा, तुलाराम साहू, होरीलाल साहू सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू आदि ने शुभकामनाएं दी है।



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## शिक्षक चंदुराम शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित

**रसेला।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुल्ला के शिक्षक चंदुराम बघेल को शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य



अलंकरण का भव्य समारोह का आयोजन समता साहित्य अकादमी प्रदेश इकाई के तत्वावधान में रायपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जीएस ताडेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समता साहित्य अकादमी भारत, अध्यक्षता लक्षवीर बांधे प्रदेश इकाई के अध्यक्ष, विशेष अतिथि के रूप में शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य विभाग थे। जिला गरियाबंद विकास खंड छुरा, ग्राम दुल्ला माध्यमिक शाला के शिक्षक चंदुराम बघेल को शिक्षा के विभिन्न आयामों के नवीनीकरण एवं सरली करण उत्थान में अतुलनीय योगदान रहा। जिसमें समाज एवं देश को दिव्य ज्ञान प्रकाश पुंज से प्रकाशित कर लोक कल्याणकारी कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षक चंदूराम बघेल ने कहा कि शिक्षा ही वह क्षेत्र है जिसके ताकत से हम बड़े से बड़े अवार्ड को प्राप्त कर सकते हैं, आगे कहा शिक्षा के क्षेत्र भले ही कड़वी होता है लेकिन बाद में शिक्षा का फल जरूर मीठा होता है।

## गुलाब यादव बने भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष

**पाण्डुका।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल गरियाबंद के किसान मोर्चा से श्री गुलाब यादव को मण्डल अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दर। इस दौरान प्रीतम



सिन्हा, उपाध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद, चंदन साहू, किशन कडरा महामंत्री भाजपा मंडल गरियाबंद, दिनेश निर्मलकर, प्रकाश यादव, डॉ. श्रवण साहू, रेख राम साहू, टामन साहू, दिलीप साहू, ओमप्रकाश साहू, तुलस साहू, जयराम साहू, रमेश साहू, नेतराम पटेल, एवन पटेल, लोमस पटेल, झुमुक पटेल एवं अन्य ग्रामीणजनो ने बधाई और ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

आयोजन : मैनपुर में कृषक उन्नति योजना के तहत किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

# साय सरकार ने किसानों से किया वायदा पूरा किया : योगेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव भाजपा सरकार किसानों से किया अपना वायदा पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। धान की अंतर राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि किसानों के परिश्रम का सम्मान है। होली जैसे पर्व से पहले यह राशि किसानों को वितरण कर सरकार ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है। उक्त बाते मैनपुर मे आयोजित सैकड़ों किसानों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शर्मा ने कही। तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक भवन में आज विकासखण्ड स्तरीय किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंडित योगेश शर्मा ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया। आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राज्यभर के किसानो के खातो मे एक क्लिक के माध्यम से धान खरीदी की अंतर राशि सीधे हस्तांतरित करने का लाइव प्रसारण किया गया इस दौरान मैनपुर क्षेत्र के किसानो को




प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा जिस देश का किसान जितना मजबुत होगा उस देश का भविष्य भी उतना ही उज्जवल होगा इसी भावना से ओतप्रोत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत लाभार्थी किसानों को आदान सहायता राशि 10292 करोड़ वितरण किया जा रहा है। उन्होने आगे कहा यह विष्णुदेव साय सुशासन की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है जो हमारे अन्नदाता के सम्मान समृद्धि और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। भाजपा महामंत्री लंबोदर साहू ने कहा किसान देश की रीण है और भाजपा सरकार द्वारा किसानो के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है किसानो से किया गया सभी वायदों को पूरा किया गया प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर की गई जो अन्य राज्यों से अधिक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दुलार सिन्हा ने कहा प्रदेशभर के 25 लाख किसानों के खातों में होली पर्व से पहले आज करोड़ों रूपये की राशि जारी किया गया है निश्चित रूप से इससे किसानों को जहां लाभ मिलेगा वहीं व्यापार व्यवसाय भी बढ़ेगा।

### अतिथियों का फूलमाला भेटकर किया गया सम्मान

तहसील मुख्यालय मैनपुर में आयोजित किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि योगेश शर्मा, दिलीप साहू, दुलार सिन्हा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि खगेश्वर नायक, लंबोदर साहू, जनपद सदस्य प्रतापसिंह मरकाम, देवन नेताम, यमराज ओटी, सियाराम ठाकुर, बलिराम ठाकुर, फरसुराम नेताम, सुधीर राजपूत, भुने"वर साहू, नीलाधर साहू, जयसिंह ठाकुर, नरोराम साहू, पुनितराम, चरण सिंह मांझी, दशरथ पुजारी, उमराव नागेश, भुवन मांझी, अभीराम ध्रुव, जयसिंह ठाकुर, नवलकिशोर मांझी एवं अतिथियो का फुलमाला के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक नयनसिंह दाउ, वरिष्ठ कृशि विकास अधिकारी जी के ठाकुर, पदमा ध्रुव, शशिकांत पटेल, हितेश ठाकुर, अभिशेक साहू, रितेश साहू, मनोज पटेल, दिनेश कमलेश, गोपी नेताम, उत्तम सेन, ओमप्रकाश पटेल एवं बड़ी संख्या मे क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गोपी नेताम व शशिकांत पटेल द्वारा किया गया।

## भाजपा नेता देवांगन ने किसानों का किया सम्मान

**नवापारा-राजिम।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन होली त्यौहार की किसानों को अग्रिम शुभकामनाएं देने आज शनिवार को अंचल के विभिन्न ग्राम पहुंचे। इस दौरान किशोर किसानों के घर के साथ-साथ खेतों में भी गए और वहां मौजूद किसानों को होली त्यौहार की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए मिठाई व गुलाल वितरण किया। साथ ही आज प्रदेश की साय सरकार द्वारा उन्हें धान खरीदी की एकमुश्त बोनस अंतर राशि 10 हजार करोड़ रुपए प्रदान किए जाने की भी बधाई देते हुए कहा कि साय सरकार किसान भाईयों की खुशी को अपनी खुशी समझती है और लगातार कोशिश करती रहती है कि किसान भाईयों की मेहनत का लगातार सम्मान होता रहे । कुछ दिन पूर्व प्रदेश सरकार के बजट में भी किसान भाईयों के लिए सबसे ज्यादा प्रावधान किए गए हैं । सरकार ने इस



साल पहले तो किसान भाईयों का 141 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदकर उन्हें तत्काल भुगतान दिया और फिर उसकी अंतर राशि यानि बोनस एकमुश्त 10 हजार करोड़ रुपए आज किसान भाईयों के खाते में सीधे अंतरित कर उनकी होली रंगीन कर दी। देवांगन ने कहा कि सभी किसान भाई होली त्यौहार खुशी-खुशी मिलजुलकर मनाएं और साय सरकार पर अपना विश्वास बनाए रखते हुए लगातार अपना आशीर्वाद प्रदान करते रहें।

## होली प्रेम, सौहार्द्र व सामाजिक एकता का पर्व : खोमन

**गरियाबंद।** रंगों का महापर्व होली भारतीय संस्कृति का प्रमुख और हर्षोल्लास से परिपूर्ण त्यौहार है, जो समाज में प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। यह बात खोमन गुरुजी ने क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कही। उन्होंने कहा कि होली हमें अपने



मन के द्वेष, कटुता और भेदभाव को त्यागकर आपसी सद्भाव और एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देती है। यह पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करने का अवसर भी है। खोमन गुरुजी ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। होलिका दहन हमें सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। समाज में शांति और सकारात्मकता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील की कि होली का पर्व शांति, सौहार्द और मर्यादा के साथ मनाएं। प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का उपयोग करें, जल संरक्षण का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक हुड़दंग से बचें। सभी वर्गों की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रेम और सहयोग की भावना से ही इस पर्व की सच्ची सार्थकता सिद्ध होती है।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में गूंजा विज्ञान का जयघोष




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आई एस बी एम यूनिवसिटी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान संकाय एवं साइंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में उत्साह, ऊर्जा और वैज्ञानिक जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कशीलता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों एवं संकाय सदस्यों द्वारा आयोजित जागरूकता रैली से हुई। रैली के माध्यम से समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने, अंधविश्वासों से मुक्ति और तर्कसंगत विचारधारा अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ विज्ञान अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान की उपलब्धियों, खोजों और नवाचारों को सम्मानित करने का अवसर है। विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है और प्रगति का आधार भी। विभागाध्यक्ष (विज्ञान) डॉ. पूनम वर्मा ने विद्यार्थियों को नई चीज़ें सीखने, प्रयोगधर्मिता अपनाने और अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा और प्रयोग की प्रवृत्ति ही उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। आईक्यूएसी निदेशक एवं अकादमी अधिष्ठाता प्रो. एन. के. स्वामी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और नवाचार की दिशा में सतत प्रयासरत रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच ही समाज को प्रगतिशील बनाती है।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुभाशीष बिस्वास ने प्रतिभागियों को आत्मविश्वास और उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोळ ने अपने संबोधन में प्रयोग, अनुसंधान और रचनात्मक समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत साइंस जिंगल, साइंस मैजिक शो, "मिथक बनाम तथ्य" प्रस्तुति, "गेस द आइटम" एवं "गेस द साइंटिस्ट" जैसी रोचक गतिविधियों ने आयोजन को जीवंत और ज्ञानवर्धक बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर भौतिकी विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री रेखा साहू ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की। इस प्रकार आईएसबीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस न केवल उत्सव के रूप में, बल्कि वैज्ञानिक चेतना और नवाचार के संकल्प के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### अज्ञात युवक का किया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** नेशनल हाइवे में ग्राम अमावस-बेलटुकरी चौक के पास एक अज्ञात व्यक्ति उम्र 30-35 साल, भूरा कमीज और हल्के नीले रंग का पेंट पहने हुए था, का सड़क हादसे में देहांत हो गया, जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डा. जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, सुरेश साहू, संतोष साहू मुन्ना, एजाज नकवी, संजय साहू, मनोज पटेल और गुमान जैन द्वारा किया गया।

### निषाद सामुदायिक भवन में टीना शेड का भूमिपूजन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खट्टा के निषाद भवन में टिन शेड का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान द्वारा किया गया और ग्राम के सरपंच राजकमल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैने गुहा जयंती कार्यक्रम में निषाद भवन प्रांगण के लिए 5 लाख का घोषणा की थी। स्वीकृत के बाद आज मुझे भूमिपूजन का किया गया। कार्यक्रम में निषाद समाज के अध्यक्ष देव कुमार निषाद, गणेश निषाद, ऋषि निषाद, नरोत्तम निषाद, छोटू निषाद, मानिक राम निषाद, प्रेमा बाई निषाद, श्याम बाई निषाद एवं निषाद समाज के लोग उपस्थित रहे।

### डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत के प्रथम राष्ट्रपति व महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर नमन किया गया। भूषण चंद्राकर ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शशि चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, मयंक चंद्राकर उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**महासमुंद।** पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की मासिक बैठक 01 मार्च को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की गई है। इस बैठक में प्रमुख रूप से इस माह के अंत में आयोजित की जाने वाली वार्षिक पेंशनर सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा नये सदस्यों का स्वागत किया जाएगा। पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष-रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष द्वय चंद्रबदन मिश्रा आदि ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### 50 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम हरनादादर में तालाब किनारे शराब बिक्री कर रहे एक आरोपी को बागबाहरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि तालाब के किनारे पीपल पेड़ के नीचे हरनादादर में एक व्यक्ति बिक्री करने के लिए शराब रखा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदेही धीरज देवांगन पिता लिलेश्व र देवांगन (27 वर्ष) वार्ड नं 15 दैहानीभाठा के कब्जे से लगभग 50 लीटर महुआ शराब कीमत 10000 रुपए को बरामद किया गया।

# ब्राह्मणत्व जाति नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी का नाम : पं. युवराज

## 6 बटुकों का जनेऊ हुआ संस्कार, समझाई गई धर्म और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

धर्मगढ़ ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित सामूहिक व्रत उपनयन संस्कार में 6 बटुकों का सामूहिक जनेऊ संस्कार सम्पन्न कराया गया। उपदेश देने पहुंचे प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित युवराज पाण्डेय ने कहा की यज्ञोपवीत के बाद ब्राह्मण का दूसरा जन्म होता है, जहां धर्म समाज और राष्ट्र हित में कई अहम जिम्मेदारियों का बोझ उठाना पड़ता है।

स्थानीय प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में आज पहली बार देवभोग ब्राह्मण समाज ने सामूहिक जनेऊ संस्कार सम्पन्न किया गया।ओडिसा धर्मगढ़ ब्राह्मण समाज के साथ मिल संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस संस्कार आयोजन में 6 बटुकों का संस्कार धूमधाम से सम्पन्न कराया गया। वैदिक मंत्रेचार,यज्ञ हवन के साथ ही यज्ञोपवित के समस्त विधि के साथ जनेउ संस्कार हुआ।

आयोजन में बटुकों के समस्त परिजन,रिश्ते नाते दार आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लिए।गायत्री महामंत्र के साथ ही बटुक तापस कुमार मुंड,स्वागत अवस्थी, मानस रंजन ठाकुर , दूति कृष्ण तिवारी चंदन शर्मा एवं देव शर्मा का जनेऊ धारण कराया गया।बटुकों को उपदेश और आशीर्वचन देने प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित युवराज पांडेय पहुंचे थे। जिन्होंने ब्रह्म उवाच करते हुए बटुकों को कहा कि यह अब आप सभी का दूसरा जन्म है,जहा धर्म,समाज राष्ट्र और माता पिता के हितचिंता करने की जवाबदारी शुरू हो जाती है।



### मितव्ययता को रोकना उद्देश्य

आयोजन के उद्देश्य को लेकर पंडित जोगेंद्र बेहेरा ने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजनों से मितव्ययता पर रोक लगती है। आर्थिक रूप से कमजोर समाज के लोगों को अनिवार्य संस्कार सम्पन्न करने में सहयोग करना आयोजन का उद्देश्य है। जनेऊ संस्कार में मामा की मौजूदगी अनिवार्य माना जाता है, ऐसे एक बटुक के लिए आवश्यकता हुई तो आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले जय विलास शर्मा उनकी धर्म पत्नी के साथ मामा मामी बन कर इस रस्म को विधि विधान से पूर्ण किया। सामाजिक सरोकार के लिए ऐसे आयोजनों को प्रेरणादायक पहल माना जा रहा है। प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सामाजिक व समस्त शुभचिंतकों को आयोजकों ने आभार व्यक्त कर आयोजन को संपन्न किया।



**आयोजन : कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के खातों में पहुंची आदान राशि**

# अन्नदाताओं का सम्मान सर्वोपरि : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होली के पहले शनिवार को जब किसानो के खाते में धान खरीदी की अंतर राशि को भुगतान किया तो ईधर राजिम के कृषि ऊपज मंडी में विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान शामिल हुए। विधायक रोहित साहू तथा राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू,सहित उपस्थित किसानो ने एलईडी के माध्यम से सीएम विष्णुदेव साय,कृषि मंत्री रामविचार नेताम तथा बिल्हा के वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक के उदबोधन को ध्यानपूर्वक सुना।

मौजूद किसानो ने ताली बजाकर सीएम श्री साय का राजिम से अभिनंदन किया। बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर जिले के बिल्हा में आयोजित वृहद किसान सम्मेलन में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में धान खरीदी की अंतर राशि के रूप में 10,324 करोड़ की एकमुश्त राशि का भुगतान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों का परिश्रम ही प्रदेश की समृद्धि की मजबूत नींव है। होली के पावन अवसर पर यह सहायता राशि किसान परिवारों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाएगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि उपज मंडी राजिम में वर्चुअल माध्यम से सुना गया। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू, राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव एवं कृषक सेवा सहकारी समिति के महा जिला अध्यक्ष जितेंद्र राजू सोनकर,कलेक्टर भगवान सिंह उइके,वरिष्ठ कृषि अधिकारी चंदन राय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,अधिकारी, किसान उपस्थित रहे।

### किसानों के हित में पारदर्शी धान खरीदी

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय सुशासन की सरकार में राजिम विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे गरियाबंद जिले में चहुंमुखी विकास हो रहा है। किसानों के हित में पारदर्शी धान खरीदी, समय पर भुगतान और कृषि सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के खातों में सीधे अंतर राशि का भुगतान सरकार की किसान-हितैषी सोच को दर्शाता है और इससे किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। विधायक रोहित साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि गरियाबंद जिले में 83,106 किसानों से 50,65,700 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जिसकी कुल राशि लगभग 370 करोड़ 19 लाख है।

### भंडारण व खरीदी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा

राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है और भंडारण व खरीदी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव एवं कृषक सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष जितेंद्र राजू सोनकर ने भी किसानों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सरकार की योजनाओं की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू,मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, नेहरू साहू, भुवन साहू, रामाधार साहू, छाया राही, देवकी साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी, ओमकार साहू, मकसूदन साहू, आकाश ठाकुर सहित ब्लाक के सभी सोसायटी अध्यक्ष किसान उपस्थित थे।

# कृषक-श्रमिक चौपाल से दूर हो रहीं भ्रांतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्रामीण अंचलों में फैलाई जा रही भ्रांतियों के बीच भाजपा किसान मोर्चा ने जमीनी स्तर पर संवाद अभियान तेज कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ आलोक सिंह ठाकुर के निर्देश पर किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री देवेंद्र ठाकुर ने बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के देवभोग , मैनपुर विकासखंड के गांव गांव में कृषक-श्रमिक चौपाल" कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों और श्रमिकों को विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण की विस्तृत जानकारी दी। चौपाल के माध्यम से योजना से जुड़ी शंकाओं का समाधान किया गया और लोगों को जागरूक किया गया कि सरकार ग्रामीण रोजगार को और अधिक सु–ढ़ बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। किसना मोर्चा प्रदेश मंत्री देवेंद्र ठाकुर चौपाल में श्रमिकों को संबोधित करते हुए बताया कि पहले जहां रोजगार गारंटी के तहत 100 दिन का कार्य प्रावधान था, उसे बढ़ाकर अब 125 दिन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा आपदा निवारण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

देवभोग विकासखंड के ग्राम घूमरगुड़ा, सरगीगुड़ा, चिंगाराभाटा, बरकानी और कैटपदर में एवं मैनपुर विकासखंड के आधा दर्जन गावों में आयोजित चौपाल कार्यक्रमों में ग्रामीणों और श्रमिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संवाद के दौरान योजना से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को पंजीयन प्रक्रिया और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।प्रदेश मंत्री देवेंद्र ठाकुर द्वारा कृषक-श्रमिक चौपाल लगाकर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

# होली पर साय सरकार ने किसानों को दी करोड़ों की सौगात



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार द्वारा होली त्योहार के पहले शनिवार को कृषक उन्नति योजना के तहत समर्थन मूल्य में धान खरीदी की एकमुश्त अंतर राशि जारी कर किसानों को होली त्यौहार की सौगात दी है। इस पर वरिष्ठ किसान नेता चंद्रिका साहू ने साय सरकार को किसानों की सरकार बताते हुए कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में साय सरकार ने 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी कर किसानों की उपज का उनके अनुमान के मुताबिक उसका दाम देते हुए तत्काल भुगतान दिया और अब एकमुश्त 10000 करोड रुपए की बोनस राशि सीधा उनके खातों में जमा कर होली त्यौहार में उनकी खुशी दुगुनी कर दी है । साय सरकार मानती है कि प्रदेश का किसान समृद्ध होगा तो छत्तीसगढ़ समृद्ध होगा । यही वजह है कि सरकार किसानों का लगातार मान कर रही है। श्री साहू ने कहा कि अन्नदाता का सम्मान और उनका पसीना प्रदेश के विकास की नींव है, जिनका लगातार ध्यान रखने के लिए साय सरकार को धन्यवाद की पात्र हैं।

### मालाबार पाइट हॉर्नबिल के संरक्षण के लिए ग्रामीणों ने लिया संकल्प



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के पहाड़ी ऊपर बसे ग्रामों में आज कार्यक्रम का आयोजन कर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व मे पाये जाने वाले मालाबार पाइट हॉर्नबिल पक्षी को बचाने और उसके संरक्षण संवर्धन के लिए ग्रामीणो ने संकल्प लिया। इस दौरान उपनिदेशक वरूण जैन एवं सहायक संचालक तौरेंगा एवं वन अमला कुल्हाड़ीघाट की उपस्थिति में ग्राम ओड में हॉर्नबिल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अमलोर, ओंड, हथौड़ाडीही की ग्रामीण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में हॉर्नबिल की संख्या बढ़ाने के लिए फलदार पौधे लगाने एवं जंगल में आग नहीं लगाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। तथा हाथियों से सुरक्षा के लिए टॉर्च वितरण किया गया।



# एएसआई गोपाल राम साहू को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद पुलिस विभाग में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक गोपाल राम साहू शुक्रवार को अपनी सुदीर्घ एवं सराहनीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

गोपाल राम साहू का जन्म वर्ष 1964 में ग्राम बरभाठा, थाना फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1992 में बस्तर में आरक्षक पद से अपनी सेवा की शुरुआत की। कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के बल पर उन्हें दो बार पदोन्नति मिली। वर्ष 2006 में प्रधान आरक्षक और वर्ष 2016 में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए। अपने सेवा काल में उन्होंने जिला बस्तर और गरियाबंद के विभिन्न थानों में जिम्मेदारी निभाई। उनका कार्यकाल कर्तव्यपरायणता और समर्पण के लिए याद किया जाएगा। सम्मान समारोह में वेदव्रत सिरमौर, पुलिस अधीक्षक गरियाबंद ने पुलिस परिवार की ओर से शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर साहू को सम्मानित किया। उन्होंने साहू के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कार्यालयीन स्टाफ भी उपस्थित रहे। सभी ने साहू के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# अश्लीलता व हुड़दंग के खिलाफ संस्कारयुक्त होली का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





ग्राम बकली में इस वर्ष होली का रंग कुछ अलग ही दिखाई दे रहा है। जहां एक ओर समाज में होली के नाम पर अश्लील गाने, फूहड़ डांस और कीचड़ उछालने जैसे दृश्य देखे जाते हैं, इसे लेकर इस बार शानदार पहल कर मातृशक्तियों ने इन सबका विरोध करते हुए आदर्श और मर्यादित होली मनाने का न केवल संकल्प लिया है बल्कि पीले ध्वज लेकर इस बात का संदेश देने गांव में शोभायात्रा भी निकाली। कहा कि युवाएं गुमराह न हो,स्वच्छ, संस्कारयुक्त और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली मनाने प्रेरित किया तथा कहा कि होली रंगों, प्रेम और भाईचारे का पर्व है, इसे अश्लीलता और हुड़दंग से दूर रखकर मनाया जाना चाहिए। मातृशक्तियों की इस पहल को गांव के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों का भी समर्थन मिला है। महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि होली जैसे पवित्र पर्व की गरिमा बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि नशे और अभद्रता से दूर रहकर पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप होली मनाएं। ग्राम बकली की यह पहल पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है, जिससे यह संदेश गया कि यदि समाज की मातृशक्ति आगे बढ़कर नेतृत्व करे, तो सकारात्मक परिवर्तन संभव है। शोभा यात्रा में बिंदु, दुर्गा सेन, भुवनेश्वरी साहू, वर्षा साहू, जैसी मातृशक्तियों के अलावा उमेश साहू, कमलेश साहू, मानू मारकंडे, नागेंद्र साहू, टीकम सेन, घनाराम साहू, पुराण साहू, श्यामरतन यादव तथा छोटे बच्चे भी शामिल थे।

# होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं कानून तोड़ा तो सीधी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित थाना मे आज शनिवार शाम को होली पर्व हर्शोल्लास के साथ मनाने शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में नगर व क्षेत्र के वरिष्ठ लोग, जनप्रतिनिधि ,व्यपारी, पत्रकार बड़ी संख्या में शामिल हुए, इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए तहसीलदार रमेश मेहता ने कहा की होली का पर्व हमें खुशियां का संदेश देता है। इस त्योंहार को शांति पूर्ण तरीके और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए। ध्यान रखें की किसी पर जबरदस्ती रंग न डाला जाये बिजली तार के नीचे होलिका दहन न करें और पेड़ों को होलिका दहन के लिये न काटा जाए, मोटरसायकल में तेज हार्न बजाते हुए यदि तीन लोग आते जाते दिखे तो उनपर सीधी कार्यवाही की जायेगी सार्वजनिक रूप से मुखौटे पर प्रतिबंध है, होली त्यौहार मे ग्रीस, आईल, चीट, कीचड़ व रसायन युक्त रंगो का प्रयोग न करें साथ ही जबरदस्ती किसी के उपर रंग न डाले और मार्ग अवरूद्ध करके जबरदस्ती चंदा मांगते कोई दिखा तो उसे बक्शा नहीं जाएगा।

### सार्वजनिक स्थलों पर तैनात किए जाएंगे पुलिस बल

बैठक को संबोधित करते हुए मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा की होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं। कानून तोड़ने पर सीधा जेल जायेंगे। श्री हुर्रा ने आगे कहा होली के पर्व पर पुलिस के जवान मुख्य चौक चौराहो और सार्वजनिक स्थलो पर तैनात किए जाऐंगे लगातार पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी नगर व क्षेत्र का ग''त करते रहेंगे अफवाह फैलाने वाले लोगो से सावधान रहे और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। थाना प्रभारी ने कहा होली पर्व पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले लोगों को नहीं बख्शा जाएगा और उन पर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने क्षेत्र में होली पर्व के महत्व के संबंध में विस्तार से बताया और नागरिकों ने कहा की मैनपुर क्षेत्र में हमेशा से आपसी भाईचारा एवं सदभावना देखने को मिलती है यहां सभी धर्मो के लोग मिलजुलकर एक दूसरे के त्यौहारो मे शामिल होते है और भविष्य मे भी हर त्यौहार भाईचारा के साथ मनाने की बात कही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से तहसीलदार रमेश मेहता, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, कैलाश ध्रुव, रूपेश साहू, हनीफ मेमन, जाहिद भट्टी, गोलु मेमन, जाकिर रजा, हेमलाल बारले, रविशंकर बघेल, संतोष साहू, पूर्व जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, बलिराम ठाकुर, एसकुमार क''यप, शाजिद बेग एवं बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।




